भारतीय वायु सेना/INDIAN AIR FORCE

वित्तीय वर्ष : 2024 - 25 हेतु वायु सेना स्टेशन गोरखपुर मे सार्वजनिक नीलामी हेतु सूचना

1. भारत के राष्ट्रपति की तरफ से एयर ऑफिसर कमांडिंग, वायु सेना स्टेशन गोरखपुर 09 अगस्त 24 (शुक्रवार) को प्रातः 1100 बजे मुख्य गारद कक्ष में निम्नलिखित हेतु सार्वजनिक नीलामी आयोजित करेगे ।

गोरखपुर स्थित वायुसेना क्षेत्र मे (वायुसेना द्वारा निर्धारित प्रतिबंधित क्षेत्रों को छोड़कर) घास काटने एवं हटाने का अधिकार ।

2. खुली नीलामी मे भाग लेने के इच्छुक व्यक्ति 09 अगस्त 24 (शुक्रवार)को गोरखपुर स्थित वायुसेना क्षेत्र का मुआयना निम्नलिखित समय पर कर सकते है ।

0830 बजे से 1030 बजे तक - घास काटने का क्षेत्र

3. खुली नीलामी मे भाग लेने के इच्छुक व्यक्ति को खुली बोली मे भाग लेने के पूर्व अकाउंट सेक्शन, वायु सेना स्टेशन गोरखपुर मे घास काटने एवं हटाने के अनुबंध के लिए धरोहर धनराशि के रूप मे रु. **5,000/-** जमा करना पडे.गा । धरोहर धनराशि अकाउंट पेयी डिमांड ड्राफ्ट, फ़िक्स्ड डिपोजिट, रिसिप्त बैंकर्स चेक या बैंक गारंटी के रूप मे किसी भी सार्वजनिक बैंक या निजी बैंक द्वारा जो कि सरकारी व्यवसाय करने के लिए अधिकृत है, डी पी एम 13 के अनुसार (रक्षा मंत्रालय भारत सरकार की वेबसाईट पर उपलब्ध है) एयर फोर्स पब्लिक फ़ंड अकाउंट गोरखपुर के पक्ष मे निर्गत होना चाहिए । अथवा यदि सावधि जमा के रूप मे धन राशि जमा करना हो तो एयर ऑफिसर कमांडिंग, वायुसेना स्टेशन, गोरखपुर एवं फर्म/ वेंडर का नाम संयुक्त रूप से होना चाहिए । स्टेशन मे जमा की गयी धरोहर धनराशि केवल मुख्यालय मध्य वायु कमान, भारतीय वायु सेना द्वारा अनुबन्ध के निष्पादन के पश्चात अवमुक्त किया जाएगा ।

4. उच्चतम बोलीकर्ता को हथोड़ा गिरने पर तुरंत प्रतिभूमि जमा स्वरूप बोली का **25%** धनराशि जमा करना होगा । स्वीकृति पत्र प्राप्ति पर बोलीकर्ता को एक सप्ताह के अंदर बकाया धनराशि वरिष्ठ लेखाधिकारी के पास जमा करनी होगी अन्यथा प्रतिभूमि जमा एव धरोहर धनराशि जब्त कर ली जाएगी । बोलीकर्ता को बोली का **10%** धनराशि परफारमेंस बैंक गारंटी (PBG) के रूप में जमा करना होगा । सम्बंधित नियम एवं शर्तें तथा अन्य विवरण नीलामी के समय बताई जाएगी ।

CBC 10802/11/0015/2425